महत्वपूर्ण एवं खास

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का दौरा कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम 29 जून मंगलवार को सुबह 7.45 बजे निर्माणधीन पुराने कांग्रेस भवन, रायपुर में युवा कांग्रेस के साथ श्रमदान। सुबह 9 बजे दुधाधारी मंदिर में दर्शन कर आर्शिवाद लेंगे। सुबह 9.40 बजे कालीबाड़ी चौक पर इंदिरा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आर्शिवाद लेंगे। सुबह 10 बजे राजीव चौक पर राजीव जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आर्शिवाद लेंगे। सुबह 10 बजे से 11.45 तक निज निवास से कांग्रेसजनों से भेंट एवं मुलाकात करेंगे। दोपहर 12 बजे राजीव भवन में आयोजित वरिष्ठ कांग्रेसजनों के सम्मान कार्यक्रम में भाग लेकर आर्शिवाद लेंगे। शाम 4 बजे राजीव भवन में एनएसयुआई द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लेंगे। शाम 5 बजे राजीव भवन से निज निवास के लिये रवाना होंगे।

शराब पीने के लिए पैसा नही देने पर, दुकानदार दंपति के साथ किया मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराब पीने के लिए पैसा नही देने पर दुकान में घुसकर दंपति की पिटाई कर देने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाशनगर बीरगांव उरला निवासी दिनेश देवांगन 35 वर्ष पिता अभयराम देवांगन ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 27 जून को 8.15 बजे प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ अपने दुकान में बैठा था तभी मोहल्ले का राजू राजपूत 20 वर्ष पिता रमेश राजपूत ने उससे 200 रुपये शराब पीने के लिए मांगा,नही देने पर दुकान में घुसकर गाली-गलौच करते उसे 2-3 झापड मार दिया। दुकान से बाहर निकलने पर पीछे से डंडे से मारकर चोट पहुंचाया तथा पत्नी द्वारा बीच बचाव करने पर उसे भी गाली-गलौच कर डंडे से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सस्ते दाम पर सोना बेचने का झांसा देकर 35 लाख 17 हजार की ठगी, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। सस्ते दाम पर सोना बेचने का झांसा देकर महिला एवं अन्य लोगों से 35 लाख 17 हजार रुपये की ठगी करने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सी ब्लॉक शिवानंदनगर खमतराई निवासी सरिता कुर्रे 31 वर्ष पिता घासीराम कुर्रे ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 1 मार्च 2019 में प्रार्थिया व अन्य लोगों को सुनीता साहू,पी अनसुईया राव,पुर्णिमा गीता,प्रतिभा मिश्रा एवं अन्य लोगों ने मिलकर 28 हजार रुपये तोला सोना देने का झांसा देकर 35 लाख 17 हजार रुपये नगदी ठगी कर लिया है। मामले की शिकायत 27 जून को थाने में दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

खेत में संदिग्ध अवस्था में मिली युवती की लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। कोटा थाना क्षेत्र के बेलगहना चौकी अंतर्गत ग्राम कूपाबांधा के खेत में रविवार को एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। प्रथम दृष्टया मामला दुष्कर्म के बाद हत्या करने का लग रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवती अनिता बैगा पिता दुकालू राम बैगा उम्र 20 वर्ष रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने घर से निकली थी,जो देर रात तक वापस नही लौटी। जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी किंतु उसका पता नही चला। इसी बीच रविवार सुबह उसकी लाश संदिग्ध हालत में कुपाबांधा के पास मिली। युवती के कपड़े फटे हुए थे तथा शरीर पर मामूली चोट के निशान थे। जिससे दुष्कर्म की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल मामलें को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटर में शेड निर्माण, चारागाह निर्माण, देवगुड़ी और घोटुल निर्माण सहित अन्य कार्य के लिए होगा डीएमएफमद का उपयोग

» मुख्यमंत्री बघेल ने की घोषणा

» रेत से प्राप्त रायल्टी का वितरण संबंधित ग्राम पंचायतों को जल्द करने के निर्देशः ग्राम पंचायतों को 19.20 करोड़ से अधिक राशि होगी वितरित

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में स्थापित किए गए गौठानों की व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में डीएमएफ फंड की राशि का उपयोग किया जाए। चारागाह के विकास, गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटरों के लिए शेड निर्माण सहित बस्तर अंचल में देवगुड़ी और घोटुल निर्माण के कार्य भी इस मद से किए जाएं। उन्होंने कहा कि गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है। यहां शेड बनने से स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के संचालन में आसानी होगी। श्री बघेल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के अंदरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इस योजना के लिए वाहनों की व्यवस्था करने में भी इस मद का उपयोग किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा हाल ही में जिलों में की गई विभिन्न घोषणाओं पर अमल के लिए डीएमएफ की राशि का उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश में अनुपयोगी खदानों में जहां पानी इकट्ठा है, वहां पंप लगाकर किसानों को सिंचाई की सुविधा दी जाए। गौण खनिज रेत से प्राप्त रायल्टी का वितरण संबंधित ग्राम पंचायतों को जल्द किया जाए। ज्ञातव्य है कि पंचायतों को रेत से प्राप्त रायल्टी पर 25 प्रतिशत अधिक रायल्टी देने का प्रावधान है। मार्च 2020 की स्थिति में प्रावधान के अनुसार ग्राम पंचायतों को 19 करोड़ 20 लाख 94 हजार रूपए के वितरण की कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है।

समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2020-21 में राज्य को 5517 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2021-22 में लगभग 7800 करोड़ रूपए के खनिज राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य तय किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में मई 2021 तक की स्थिति में कुल 1217 करोड़ 82 लाख रूपए का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2021-22 में 18 खनिज ब्लॉक्स नीलामी हेतु प्रस्तावित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने इन खनिज ब्लॉक्स के लिए सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इन खनिज ब्लॉक्स की नीलामी से 6 माह में लगभग 200 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त होगी और इन ब्लॉक्स में खनन प्रारंभ होने से प्रतिवर्ष लगभग 1998 करोड़ रूपए का राजस्व प्रदेश को मिलेगा। इन खनिज ब्लॉक्स में 10 लौह अयस्क के और 8 चूना पत्थर के ब्लॉक्स शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेश में बहुमूल्य खनिजों डायमंड, गोल्ड, सिल्वर, कॉपर, टंगस्टन, बेसमेटल, निकिल, पीजीई मिनरल्स, बाक्साईड और लौह अयस्क के नये खनिज क्षेत्रों का अन्वेषण तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त कम्पनियों के सहयोग से करने के प्रस्ताव को बैठक में सहमति प्रदान की। जिला खनिज संस्थान न्यास की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि डीएमएफ से कार्यो की स्वीकृति और इस मद से व्यय करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। राज्य में डीएमएफ निधि की 68 प्रतिशत राशि का व्यय किया गया है, जो पूरे देश में अधिकतम है। इसी तरह डीएमएफ पोर्टल के माध्यम से कार्यो की स्वीकृति, राशि का वितरण और भुगतान करने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2020-21 में डीएमएफ मद में 1464 करोड़ 53 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से मगरलोड पठार घाट में मादा तेंदुआ की मौत

नगरी (आरएनएस)। धमतरी जिले के उत्तर सिंगपुर मोहन्दी वन परिक्षेत्र मे अज्ञात वाहन की ठोकर से वन्य प्राणी मादा तेंदुआ की घटना स्थल में मौत हो गई।वन विभाग के मुताबिक रविवार की लगभग रात 8.30 बजे ब्लाक मुख्यालय मगरलोड से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पठार के सौ मीटर दूर मगरलोड - बेन्द्राचुवा मार्ग पर रोड पार कर रहे कि मादा तेंदुआ को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल में ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र उत्तर सिंगपुर मोहदी के पठार सर्कल डिप्टी रेंजर संजय वंडलेकर, वनरक्षक पीएल साहू,कीर्तन सिन्हा,सुभाषचंद साहू ने पहुँच कर मादा तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर डिपो पठार में लाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री पंचराम साहू ने आरएनएस संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि मादा तेंदुआ की उम्र लगभग डेढ़ वर्ष है जिसका वजन 45 किलोग्राम का होगा। अज्ञात वाहन की ठोकर से तेंदुआ के सिर,कान में चोट के निशान पाए गए हैं। पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के बाद शव को पठार डिपो में जलाया गया।इस कार्यवाही के दौरान धमतरी वन मंडलाधिकारी सतोविशा समाजदार विशेष रूप से उपस्थित थी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति जंगल की तरफ अकेला ना जाएं।

एक लाख के इनामी नक्सली सहित तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत आज कुन्ना पंचायत मिलिशिया कमाण्डर एक लाख का इनामी नक्सली देवा मुचाकी पिता स्व.सुक्का मुचाकी उम्र जाति मुरिया निवासी डेंगोपारा धनीकोड़ता थाना कूकानार, कटेकल्याण एरिया कमेटी सामान सप्लाई टीम सदस्य गंगा उर्फ भास्कर बघेल पिता स्व.लक्ष्मण बघेल जाति धुरवा निवासी पटेलपारा कुन्दनपाल थाना कूकानार एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी सप्लाई टीम सदस्य रत्तू उर्फ राजू बघेल पिता लखमा बघेल जाति धुरवा निवासी पटेलपारा कुन्दनपाल थाना कूकानार ने

दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यु.उदय किरण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली कुन्ना पंचायत मिलिशिया कमाण्डर देवा मुचाकी नक्सली बंद के दौरान लगभग 10 स्थानों पर रोड़ काटने, आईईडी लगाने, बूबी ट्रेप्स लगाने की घटना में शामिल था। एम्बुश लगाकर पुलिस बल पर तीर-धनुष से हमला करने तथा पुलिस नक्सली मुठभेड़ में शामिल था।

आत्मसमर्पित नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी सप्लाई टीम सदस्य गंगा उर्फ भास्कर बघेल मुख्यमार्ग को काटने के दौरान पुलिस फायरिंग करने विधान सभा चुनाव प्रचार में लगे कुन्दनपाल के 06 ग्रामीणों को मारपीट करने तथा डेटोनेटर एवं कार्डेक्स वायर लाकर डूमाम एलओएस डिप्टी कमाण्डर भीमा सुन्नम को लाकर देने में शामिल था।

आत्मसमर्पित नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी सप्लाई टीम सदस्य रत्तू उर्फ राजू मुख्यमार्ग को काटने के दौरान पुलिस फायरिंग करने, जगदलपुर संजय मार्केट से 10 जोड़ी जूता क्रय कर नक्सली बादल को ग्राम सूलेरास में दिया। डीव्हीसीएम विनोद के कहने पर दवाई लाकर ग्राम सूलेरास में कटेकल्याण एरिया कमाण्डर सन्नू को दिया। इसके अलावा नक्सली बंद के दौरान नक्सली बेनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाने की घटना में शामिल था। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक जिले में 100 ईनामी नक्सली सहित कुल 378 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

पाबंदियों के साथ राजधानी में खुलेंगे सिनेमा हॉल, जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन, पार्क और स्वीमिंग पूल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना के घटते मामलों के चलते सरकार ने सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, पार्क और स्वीमिंग पूल,पब्लिक प्लेसेस को खोलने की अनुमति दी है। सरकार ने धीरे धीरे अनलॉक करने की प्रकिया शुरू की थी जिसके तहत दुकानों और बाजारों को खोलने की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है।

सोमवार शाम कलेक्टर सौरभ कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है । आदेश के अनुसार रायपुर जिले में सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, पार्क (उद्यान) थीम पार्क, वाटर पार्क, स्टेडियम/ स्पोर्टस काम्पलेक्स, स्वीमिंग पूल सामूहिक स्थल जैसे जंगल सफारी, तेलीबांधा, बूढ़ा तालाब, पुरखौती मुक्तांगन संचालन की अनुमति शर्तों के अनुसार दी गई है। जिसके तहत प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर डिस्पेंसर और थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। सिनेमा हॉल और थियेटर का संचालन कुल क्षमता के 50 प्रतिशत व्यक्तियो के साथ ही किया जा सकेगा।

रात 8 बजे तक खोले जा सकेंगे सभी स्थल- परिसर के बाहर, पार्किंग स्थल, लॉबी, वॉशरूम में सोशल डिस्टेसिंग/फिजीकल डिस्टेसिंग को ध्यान में रखते हुए उचित भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करना होगा। सभी शासकीय, निजी ऑफिसों और दुकानों को जहां सभी का टीकाकरण हो चुका है वहां बाहर सूचना चिपकाना अनिवार्य होगा।

बारिश से बचने पेड़ के नीचे खड़े तीन लोगों के उपर गिरी बिजली,तीनों की मौत

कवर्धा (आरएनएस)। बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पांडातराई थाने के चकरभाठा खुर्द गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों शादी सामारोह से वापस घर लौट रहे थे तभी बारिश से बचने पेड की आड़ में खड़े थे तभी बिजली गिरने से तीनों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

कोरबा (आरएनएस)। जामपारा नवापारा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कटघोरा थाना के सब इंस्पेक्टर राजेश वास्तव ने बताया कि 26 वर्षीय मेमरू उरांव पिता स्व. सूरज सिंह की मौत की सूचना प्राप्त हुई है। परिजनों ने बताया कि रात में यह घटना हुई। मृतक के साथ उसकी मां, पत्नी और तीन बच्चे रहते हैं। कामकाज करने के बाद उरांव घर लौटा था। रात में खाना खाने के बाद परिवार के लोग सो गए। देर रात्रि को क्या कुछ हुआ इस बारे में परिजनों को उस समय पता नहीं चला। अगली सुबह उन्होंने मृतक को एक कमरे में फंदे पर लटका पाया। इसके साथ वहां कोहराम मच गया। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी गई। सरपंच को भी अवगत कराया गया। गांव से यह सूचना पुलिस थाना पहुंची जिसके बाद एक टीम मौके के लिए रवाना की गई। वहां 174 सीआरपीसी के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में इस घटना की कोई ठोस वजह सामने नहीं आ सकी है।

आने वाले12 घंटो में हो सकती हैं राज्य के कई स्थानों में बारिश

रायपुर (आरएनएस)। मानसून का छत्तीसगढ़ में पूर्ण आगमन हो चुका है, राज्य के सरगुजा, बिलासपुर ,रायपुर और बस्तर संभाग में मानसून की बारिश ने दस्तक दे दी है। राज्य के मैदानी इलाकों में भी किसान अब जुताई के कार्य मे जुट गए हैं। राज्य मौसम विभाग से जारी सूचना के आआधार पर आने वाले12 घन्टो में राज्य के कई इलाको में मध्यम बारिश हो सकती हैं ।

मौसम विभाग ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है।दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा तेलंगाना के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। कल दिनांक 29 जून को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

शराब के नशे में पत्नी के साथ किया मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराब के नशे में घर में विवाद कर पत्नी की पिटाई कर रहे व्यक्ति को समझाने पर साली को बेल्ट व पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी मोनिका सेन 23 वर्ष पिता ओमदत्त सेन ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 27 जून रविवार को दोपहर 2.30 बजे प्रार्थिया का जीजा गगनदीप रैनो उर्फ गोल्डी अपनी पत्नी के साथ शराब के नशे में गाली-गलौचकर मारपीट कर रहा था। मारपीट करता देख झगड़ा करने से मना पर उसने प्रार्थिया के साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर बेल्ट व पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमित कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

कांकेर (आरएनएस)। जिले के अंतागढ़ क्षेत्र अंर्तगत टेमरुपानी में सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है। ग्रामीणों के आंदोलन का आज 06वां दिन है, ग्रामीण भोजन पानी के साथ चक्काजाम कर धरने पर बैठे हैं। वहीं निको जायसवाल की मेटाबोदेली लौह खदान से अयस्क लेकर रायपुर के लिए निकले ट्रकों को ग्रामीणों ने रोक दिया है। ग्रामीण अब ट्रकों में मौजूद चालकों से लिखवा रहे हैं कि जब तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होगा इस मार्ग पर ट्रक नहीं लाएंगे।

गौरतलब है कि अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरूपानी में बीते बुधवार को एक बाइक ट्रक की चपेट में आ गया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, वहीं 02 वर्ष की बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर लौह अयस्क से भरे लगभग 100 ट्रकों को रोक लिया है, जो 06 दिन से खड़े हैं। ग्रामीणों की मांग है कि खदान से अंतागढ़ तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाए। पीड़िता के परिजनों को मुआवजा राशि एवं नौकरी दी जाए, इसके साथ ही जब तक सड़क नहीं बनेगी अयस्क परिवहन नहीं होने देने की बात कहते हुए चक्काजाम कर दिया है।

आंदोलन की अगुवाई पूर्व भाजपा विधायक भोजराज नाग और स्थानीय नेता कर रहे हैं। पूर्व भाजपा विधायक भोजराज नाग ने वर्तमान विधायक अनूप नाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि खनिज न्यास मद की राशि की क्षेत्र के विकास कार्य न कराकर बंदरबांट की जा रही हैं। इस राशि का दुरुपयोग जिला मुख्यालय में हो रहा है और ग्रामीण समस्याओं से जूझ रहे हैं। पीड़ितों को मुआवजा के साथ क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। वहीं वर्तमान विधायक अनूप नाग ने कहा कि घटना दुःखद है. आंदोलन को राजनीतिक रूप दिया जा रहा है।

कांकेर कलेक्टर चन्दन कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की मांग के अनुरूप सड़क चौड़ीकरण करने प्रशासनिक स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है।